दिन– शनिवार दिनांक– 15 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारण:– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि:– 15 मिनट

---

01. पूरे प्रदेश में आज रंगों का त्योहार होली परंपरागत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनायी जा रही है।

02. होली को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम। सभी संवेदनशील जगहों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की गयी।

03. सतत जीवन शैली के लिए न्यायोचित परिवर्तन की थीम के साथ आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जा रहा है।

04. और, प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में ग्यारहवीं की परीक्षा सत्रह मार्च से जबकि नौवीं की परीक्षा बीस मार्च से होगी शुरू।

---

–––म्यूजिक–––

रंगों का त्योहार होली आज पूरे प्रदेश में पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह त्यौहार वसंत ऋतु के आगमन और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह एकता और सद्भावना को बढ़ावा देता है। प्रदेश में होली को लेकर हर तरफ उत्साह और उमंग का माहौल है। जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि कई स्थानों पर होली कल भी मनायी गयी। इधर, होली को लेकर बाजारों में रौनक है। रंग–गुलाल, पिचकारी और पकवानों की सामग्री की खूब खरीदारी हो रही है। हर तरफ होली के गीत गाये जा रहे हैं। लोग सुबह से ही मिट्टी–पानी और एक दूसरे को रंग लगाकर होली मना रहे हैं।

–––म्यूजिक–––

---

हमारे नालंदा संवाददाता ने बताया कि जिले में होली का रंग लोगों पर खास अंदाज में चढ़ा हुआ है। सुबह से ही होली के गीतों के बीच लोग उत्साह के साथ एक दूसरे पर रंग डाल रहे हैं।

–––बाईट–––

पूरा जिला होली के रंगों में सराबोर है। हर तरफ हर्षोल्लास का वातावरण बना हुआ है। लोग सुबह से ही गीली मिट्टी से होली खेल रहे हैं। होली के अवसर पर हर वर्ग के लोग एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दे रहे हैं। लोग रंग और गुलाल अबीर उड़ा कर होली के गीतों पर थिरक रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ढोलक की थाप

के बीच पारंपरिक होली का लोग आनंद ले रहे हैं। जिला प्रशासन ने त्योहार के दौरान शांतिपूर्ण व्यवस्था के लिए सभी प्रमुख स्थानों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल तैनात किए हैं।

आकाशवाणी समाचार के लिए नालंदा से निरंजन कुमार।

---

सीतामढ़ी जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में होली का विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि लोग होली गीतों के साथ होली की मस्ती में डूबे हुये हैं।

———बाईट———

सीतामढ़ी जिले में होली का त्योहार शांति और सद्भावना के माहौल में मनाया जा रहा है। लोग एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दे रहे हैं। इधर, शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने सभी संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी की मौजूदगी में पुलिस जवानों की तैनाती की है। पुलिस और एसएसबी के जवानों के शहर में फ्लैग मार्च भी किया। जिले में कुछ जगहों पर कल होली का त्योहार मनाया गया।

आकाशवाणी समाचार के लिए सीतामढ़ी से राजेश कुमार।

---

हमारे पटना संवाददाता ने बताया कि जिले के विभिन्न भागों में हर्षोल्लास के साथ होली मनाई जा रही है। इस अवसर पर ढ़ोलक मृदंग और झाल की धुन पर लोग थिरक रहे हैं।

———बाईट———

---

गया से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में आपसी सद्भाव के साथ होली मनायी जा रही है।

———बाईट———

---

बिहार की होली देश भर में मशहूर है। मिथिला, भोजपुर और मगध क्षेत्र में होली अलग और अनूठे अंदाज में मनाने की परंपरा है। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

रंगों का त्योहार होली बिहार के हर अंचल में अनोखे और परंपरागत अंदाज में मनाया जाता है। मिथिला के सहरसा के बनगांव की घुमौर होली ब्रज की तरह प्रसिद्ध है। इसे राजकीय मान्यता प्राप्त है। भगवती स्थान के चारों तरफ घूम घूम कर होली खेलने के कारण इसे घुमौर होली कहा जाता है। होली के इस स्वरूप की शुरूआत प्रसिद्ध संत लक्ष्मीनाथ गोंसाई ने की थी। वहीं, समस्तीपुर के धमौन में छाता लेकर फगुआ मनाने की परंपरा है। होली के दिन स्थानीय निवासी बांस से बनी आकर्षक छतरियों को लेकर स्वामी निरंजन मंदिर पहुंचते हैं और होली खेलते हैं। मगध क्षेत्र में बूढ़ा मंगल होली की प्रथा है। यह होली बुजुर्गों के सम्मान में अबीर और गुलाल के साथ खेली जाती है। भोजपुर में धुरखेल होली की परंपरा है। होलिका दहन की राख को लोग एक दूसरे को लगाकर हवा में उड़ाते हैं। बांका जिले के आदिवासी बहुल गांवों में होली के दिन लोग रंग की जगह एक दूसरे पर पानी डालते हैं। रंग का इस्तेमाल पूरी प्रतिबंधित रहता है। सांस्कृतिक विविधता वाले राज्य बिहार में होली मनाने के अंदाज भले अलग हों, लेकिन इन सबके मूल में है उल्लास, उमंग और सद्भाव।

---

होली पर्व को देखते हुए प्रदेशभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए हैं। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है। श्री कुमार ने बताया कि संवदेनशील इलाकों में बड़े पैमाने पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। होली के मद्देनजर अस्पतालों और अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है। पटना के पीएमसीएच, एनएमसीएच, आईजीआईएमएस और एम्स में पचासी बेड आरक्षित रखे गये हैं। पीएमसीएच और एनएमसीएच में आज ओपीडी सेवा बंद रहेगी जबकि आपातकालीन सेवा जारी रहेगी। पुलिस मुख्यालय ने उग्रवाद प्रभावित जिलों में भी कड़ी निगरानी बरतने का निर्देश दिया है। सुरक्षा को लेकर राजधानी पटना में चार हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने होली पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि यह त्यौहार खुशियां और उत्साह लेकर आता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संदेश में कहा है कि हर्षोल्लास और आनन्द से भरा यह त्यौहार सभी के जीवन में नए उत्साह और ऊर्जा का संचार करता हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने अपने संदेश में कहा कि होली असत्य पर सत्य और दुराचार पर सदाचार की विजय का पर्व है तथा समाज में एकता, भाईचारा और सद्भावना का संदेश देता है। उन्होंने राज्यवासियों से आपसी प्रेम और सौहार्द के माहौल में इस त्योहार को मनाने की अपील की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा है कि रंग, उमंग, प्रेम और सद्भाव का पर्व होली हमारी संस्कृति और परंपरा का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि रंग और अबीर हमारी पारस्परिक प्रेम की अभिव्यक्ति है। इसका प्रयोग किसी की इच्छा के विरूद्ध नहीं किया जाना चाहिए।

---

आकाशवाणी से विशेष बातचीत में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स के चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कौशल वर्मा ने लोगों को होली पर कृत्रिम रंगों से बचने की सलाह दी है।

———बाईट———

होली के समय गीले रंगों का इस्तेमाल न करें। सूखे रंगों का या गुलाल का इस्तेमाल करें। कभी–कभी होली के टाइम लोग जो हैं ये पेंट वार्निश, कीचड़ जैसी चीजों का इस्तेमाल करते हैं होली के खेलने के लिए, इसको बिल्कुल ही न करें, इससे त्वचा को नुकसान पहुंचता है।

चिकित्सकों ने होली के दौरान रंग–अबीर खेलते समय आंखों को लेकर भी सावधान रहने की जरूरत बताई है। पीएमसीएच की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रियंका का कहना है कि आंखों में अबीर पड़ने पर कभी उसे रगड़े नहीं। आंखों में अबीर पड़ने पर साफ ठंडे पानी से धोने के बाद आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सक की मदद ले सकते हैं।

---

आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस है। यह दिवस प्रति वर्ष पन्द्रह मार्च को उपभोक्ता अधिकारों और उनकी सुरक्षा बनाए रखने की आवश्यकता की याद दिलाने के लिए मनाया जाता है। यह दिन सभी उपभोक्ताओं के मूल अधिकारों को बढ़ावा देने तथा उन अधिकारों का सम्मान और संरक्षण करने के लिए प्रोत्साहित करने का भी अवसर है। इस वर्ष विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का विषय है–सतत जीवन शैली के लिए न्यायोचित परिवर्तन।

---

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में ग्यारहवीं की परीक्षा सत्रह मार्च से जबकि नौवीं की परीक्षा बीस मार्च से शुरू होगी। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की जारी विज्ञप्ति के अनुसार ग्यारहवीं की परीक्षा पच्चीस मार्च तक दो पालियों में होगी। वहीं, नौवी की वार्षिक परीक्षा भी पच्चीस मार्च तक चलेगी। विज्ञप्ति के अनुसार दोनों कक्षाओं के परीक्षार्थियों को पन्द्रह मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा।

---

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने कहा है कि आज कक्षा बारहवीं की परीक्षाएं देश के विभिन्न हिस्सों में होली के त्योहार के बावजूद तय समय पर ही आयोजित की जा रही है। बोर्ड ने एक बयान में कहा कि हिंदी कोर और हिंदी वैकल्पिक विषयों के लिए कक्षा बारहवीं की परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। बोर्ड ने कहा है कि जो छात्र आज पन्द्रह मार्च को परीक्षा में शामिल नहीं हो पा रहे हैं, उन्हें राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों में भाग लेने वाले छात्रों के लिए आयोजित विशेष परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा।

---

प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में अधिकतम तापमान

सत्ताईस डिग्री से छत्तीस डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। वहीं, पिछले चौबीस घंटों के दौरान शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान छत्तीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया है कि सुबह और शाम में मौसम सामान्य बना रहेगा, लेकिन दिन में अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जाएगी।

———बाईट———

---

प्रधानमंत्री गति शक्ति के अन्तर्गत नेटवर्क योजना समूह की नवासीवीं बैठक में सड़क, रेल और मेट्रो से जुड़े आठ प्रमुख ढांचागत परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया। इनमें चार सड़क, तीन रेल और एक मेट्रो से संबंधित हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि इन पहलों से रसद दक्षता को बढ़ावा मिलने, यात्रा के समय को कम करने और इन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सामाजिक–आर्थिक गतिविधि बढने की उम्मीद है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. पूरे प्रदेश में आज रंगों का त्योहार होली परंपरागत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनायी जा रही है।

02. होली को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम। सभी संवेदनशील जगहों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की गयी।

03. सतत जीवन शैली के लिए न्यायोचित परिवर्तन की थीम के साथ आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जा रहा है।

04. और, प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में ग्यारहवीं की परीक्षा सत्रह मार्च से जबकि नौवीं की परीक्षा बीस मार्च से होगी शुरू।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।